# सब रजिस्ट्रार की लापरवाही से 30 प्रतिशत घटा रेवेन्यू

**अटेर के पक्षकारों की शाम 5 बजे तक रहती है वेटिंग**
**उप पंजीयक कार्यालय भिण्ड में 10 बजे स्लॉट बुकिंग के बाद 12 बजे पहुंचते हैं सब रजिस्ट्रार, लौट रहे पक्षकार**



नवभारत न्यूज

**भिण्ड, 24 फरवरी।** उप पंजीयक कार्यालय भिण्ड में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। डीआर दिनेश गौतम ने फेरबदल करते हुए मेहगांव के उप पंजीयक अजय कुमार लोधी को भिण्ड का प्रभार सौंपा है, लेकिन वे भी ग्वालियर से अपडाउन करते हैं। दोपहर बारह बजे तक कार्यालय में पहुंचते हैं, तब तक सुबह स्लॉट बुकिंग करने वाले पक्षकार घंटो खड़े रहते हैं। स्थिति अटेर के उप पंजीयक कार्यालय की और भी खराब है। क्योंकि मेहगांव भेजे गए सब रजिस्ट्रार सुनील शर्मा को अटेर का चार्ज सौंप दिया है, जो शाम साढ़े 5 बजे तक भिण्ड आते हैं, तब तक अटेर के पक्षकार वेटिंग में रहते हैं। पक्षकारों के साथ ही सर्विस प्रोवाइडरों में इस व्यवस्था से नाराजगी है। हालत यह है कि शासन को होने वाला रेवेन्यू 30 प्रतिशत तक घट गया है।

बता दें भिण्ड, मेहगांव और अटेर का साल 2025-26 का रेवेन्यू 220 करोड़ रखा गया है। भिण्ड में 80 करोड़ के कुल रेवेन्यू में से 65 करोड़ का राजस्व ही प्राप्त हुआ है। जबकि अटेर में यह रेवेन्य 40 करोड़ ही रह गया है। उप पंजीयकों का कहना है कि अभी मार्च का महीना क्लोजिंग के लिए है। इस दौरान कुछ टारगेट पूरा करने का प्रयास करेंगे। हालांकि जिस तरह से भिण्ड, मेहगांव और अटेर का चार्ज संभाल रहे सब रजिस्ट्रार की मनमानी चल रही है, उससे शासन के करोड़ों रुपए के राजस्व को चूना लगने की संभावना है।

### स्लॉट बुकिंग के बाद घंटों इंतजार

अटेर का प्रभार संभाल रहे सब रजिस्ट्रार सुनील शर्मा को मेहगांव में पदस्थ किया गया है। अटेर में न बैठते हुए वे भिण्ड से ही क्षेत्र की रजिस्ट्रियों को निटाते हैं, लेकिन इसके लिए समय निर्धारित नहीं है। सुबह 10 बजे कार्यालय में पहुंचकर सार्थक एप से उपस्थिति दर्ज करते हैं और कुछ खासमखास लोगों की रजिस्ट्री निपटाकर सीधे मेहगांव चले जाते हैं। मेहगांव से शाम पांच बजे के बाद लौटते हैं, तब तक पक्षकार अपनी बारी के लिए वेटिंग में खड़े रहते हैं। अधिकांश लोग तो बिना रजिस्ट्री के ही मायूस लौट जाते हैं।

### उप पंजीयक कार्यालय में बिगड़ी व्यवस्था

उप पंजीयक कार्यालय भिण्ड, मेहगांव और अटेर में व्यवस्था बिगड़ी नजर आ रही है। भिण्ड का काम देख रहे सब रजिस्ट्रार अजय कुमार लोधी ग्वालियर से आते हैं। उन्होंने खुद स्वीकार किया है कि वे 11 बजे तक भिण्ड पहुंच जाते हैं, जबकि कर्यालय समय दस बजे का है। सर्विस प्रोवाइडरों का कहना है कि लोधी दोपहर बारह बजे के बाद आते हैं, तब तक लोग इंतजार करते हैं। ग्वालियर से अपडाउन करने के चलते उपपंजीयक लोधी भिण्ड की सीमा में प्रवेश करते ही सुबह की हाजिरी लगाते हैं, जबकि नियम यह है कि कार्यालय में बैठकर ही उपस्थिति दर्ज की जानी चाहिए। प्रशासन यदि जांच करे तो उपस्थिति दर्ज करने में भी कई विसंगतियां मिलेंगी।

### फैक्ट फाइल

- -220 करोड़ का है कुल रेवेन्यू।
- -80 करोड है भिण्ड का रेवेन्यू।
- -65 करोड़ भिण्ड का राजस्व।
- -30 से 40 रजिस्ट्री रोजाना।
- -10 से 15 लोग बिना काम लौट रहे।



# गोदरेज और पीएलआर अडानी फाइनल में

**एचआर फोरम क्रिकेट टूर्नामेंट सेमीफाइनल मुकाबलों में दिखा जबरदस्त रोमांच**

नवभारत न्यूज

**भिण्ड, 24 फरवरी।** मालनपुर उद्योग क्षेत्र में आयोजित एचआर फोरम क्रिकेट टूर्नामेंट का पहला सेमीफाइनल मुकाबला सूर्या रोशनी ग्राउंड में खेला गया। यह मुकाबला गोदरेज और मोंटेज कैडबरी के बीच हुआ।

मुकाबले में मोंटेज कैडबरी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 58 रनों का लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करते हुए गोदरेज की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया और मात्र 13 ओवर 3 गेंद में लक्ष्य हासिल कर 4 विकेट से जीत दर्ज करते हुए फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला सीजी पावर ग्राउंड में पीएलआर अडानी और टेवा के बीच खेला गया। टेवा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 130 रनों का मजबूत लक्ष्य खड़ा किया। जवाब में पीएलआर अडानी की टीम ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 19 ओवर 3 गेंद में लक्ष्य हासिल कर लिया और मुकाबला जीतकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। टूर्नामेंट का बहुप्रतीक्षित फाइनल मुकाबला अब गोदरेज और पीएलआर अडानी के बीच बुधवार को विक्रांत कॉलेज ग्राउंड, ग्वालियर में खेला जाएगा। फाइनल मुकाबले को लेकर खिलाड़ियों और दर्शकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है।

# कलेक्टर ने सुनी समस्याएं, दिए निर्देश



नवभारत न्यूज

**भिण्ड, 24 फरवरी।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में कलेक्टर भिण्ड ने जिले के विभिन्न अंचलों से आए 86 आवेदकों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों के शीघ्र एवं प्रभावी निराकरण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर द्वारा भी आवेदकों की समस्याओं पर जनसुनवाई करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान गंभीर बीमारी से संबंधित उपचार, विद्युत बिलों में सुधार, हैण्डपंपों के संधारण, पेंशन प्रकरण, सड़क दुर्घटना सहायता, हितग्राही मूलक योजनाएं, बीपीएल राशन कार्ड तथा जमीन पर अवैध कब्जे से संबंधित आवेदनों पर विशेष रूप से कार्रवाई के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा की गई कार्रवाई की जानकारी संबंधित आवेदकों को भी अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाए।

### आईटीआई में प्रेरणादायक मोटिवेशनल क्लास आयोजित

**भिंड।** शासकीय आईटीआई में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए एक प्रेरणादायक मोटिवेशनल क्लास का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में आत्मविश्वास, अनुशासन एवं कौशल विकास के प्रति जागरूकता पैदा करना रहा।

मोटिवेशनल क्लास के दौरान विशेषज्ञ वक्ताओं एवं संस्था के प्राचार्य संतोष चौहान ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सही प्रशिक्षण, निरंतर मेहनत और सकारात्मक सोच के माध्यम से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि शासकीय आईटीआई भिण्ड में वर्तमान में 16 विभिन्न ट्रेड्स में आधुनिक तकनीकी शिक्षा प्रदान की जा रही है, जिससे विद्यार्थी रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

# हाईस्कूल परीक्षा में कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

**केंद्रों पर रही चाक-चौबंद व्यवस्था, नकल का कोई प्रकरण नहीं**



नवभारत न्यूज

**भिण्ड, 24 फरवरी।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश की हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा अंतर्गत गणित विषय की चल रही परीक्षा के दौरान कलेक्टर भिण्ड ने शासकीय डाइट संस्थान भिण्ड एवं सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-2 स्थित परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा ने परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर नकल रहित एवं निष्पक्ष परीक्षा संपन्न कराने हेतु की गई व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा संबंधी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद पाई गईं। परीक्षा के दौरान केंद्रों पर शांतिपूर्ण वातावरण बना रहा और परीक्षार्थियों द्वारा अनुशासन के साथ परीक्षा दी गई।

### केंद्राध्यक्षों को दिए आवश्यक निर्देश

कलेक्टर ने परीक्षा केंद्राध्यक्षों को निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित किया जाए कि परीक्षा से संबंधित सभी व्यवस्थाएं समय पर एवं सुव्यवस्थित रूप से उपलब्ध हों। उन्होंने केंद्राध्यक्षों से परीक्षा संचालन, बैठने की व्यवस्था, सुरक्षा, निगरानी एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। साथ ही कलेक्टर ने परीक्षा केंद्रों में ड्यूटी पर नियुक्त शासकीय सेवकों की उपस्थिति तथा अनुपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या के संबंध में भी जानकारी ली।

### उपस्थिति का विवरण

हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा अंतर्गत गणित विषय की परीक्षा में जिले में कुल 19,343 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे, जिनमें से 18,784 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 559 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। राहत की बात यह रही कि गणित विषय की परीक्षा में किसी भी परीक्षा केंद्र से नकल का कोई प्रकरण दर्ज नहीं हुआ। प्रशासन द्वारा निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण परीक्षा संचालन को लेकर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

# जन अभियान परिषद की नवांकुर समितियों की समीक्षा बैठक हुई




नवभारत न्यूज

**भिण्ड, 24 फरवरी।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के अंतर्गत जिले की समस्त नवांकुर समितियों की एक दिवसीय जिला स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन भिंड में किया गया। बैठक में जिले के सभी विकासखंडों से नवांकुर संस्थाओं एवं समन्वयकों की सक्रिय सहभागिता रही। बैठक का उद्देश्य नवांकुर समितियों द्वारा किए जा रहे सामाजिक, शैक्षणिक एवं जनजागरूकता संबंधी कार्यों की समीक्षा करते हुए आगामी कार्ययोजना को अधिक सुदृढ़ बनाना था। बैठक के मुख्य अतिथि अभियान परिषद के संभाग समन्वयक धर्मेंद्र सिसोदिया (चंबल संभाग) रहे। उन्होंने कहा कि नवांकुर समितियाँ समाज में जागरूकता एवं सकारात्मक परिवर्तन का प्रभावी माध्यम बन रही हैं। उन्होंने समितियों से ग्राम स्तर पर जनभागीदारी बढ़ाने तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक शिवप्रताप सिंह भदौरिया ने किया। उन्होंने जिले में संचालित नवांकुर गतिविधियों का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि नवांकुर समितियाँ नियमित मासिक बैठकों के माध्यम से स्थानीय समस्याओं के समाधान हेतु कार्य कर रही हैं। उन्होंने नर्सरी कार्यक्रमों को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि संस्कार केन्द्रों के माध्यम से बच्चों एवं युवाओं में नैतिक शिक्षा एवं सामाजिक मूल्यों का विकास हो रहा है। बैठक में दीवार लेखन द्वारा जनजागरूकता अभियान, जन सूचना केन्द्रों का संचालन तथा 12वीं उत्तीर्ण युवाओं द्वारा किए जा रहे ग्राम सर्वे कार्यों की विशेष सराहना की गई। ग्राम सर्वे को स्थानीय संसाधनों एवं योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सहायक बताया गया। साथ ही सेक्टर बैठकों के माध्यम से समितियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर बल दिया गया। बैठक में विकासखंड समन्वयकों में अटेर से सोहन सिंह भदौरिया, लहार से सुनील चतुर्वेदी, मेहगांव से जयप्रकाश शर्मा तथा गोहद से बृजेंद्र शर्मा उपस्थित रहे। सभी ने अपने-अपने विकासखंडों की गतिविधियों का प्रस्तुतीकरण किया। अंत में गोहद विकासखंड समन्वयक बृजेंद्र शर्मा द्वारा आभार व्यक्त किया गया। बैठक का समापन इस संकल्प के साथ हुआ कि नवांकुर समितियां सामाजिक जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा, नैतिक मूल्यों एवं जनभागीदारी को बढ़ावा देने के लिए निरंतर सक्रिय भूमिका निभाती रहेंगी।

### अधिकारियों का प्रशिक्षण 26 को

**मुरैना, 24 फरवरी।** आयुक्त, कोष एवं लेखा मप्र भोपाल द्वारा आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस में दिए गए निर्देशों के अनुसार आईएफएमआईएस केयर थीम के अंतर्गत कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के नेतृत्व में कोषालय से संबंधित ऑब्जेक्शन मैनेजमेंट विषय पर समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों का प्रशिक्षण 26 फरवरी को शासकीय पीजी कॉलेज मुरैना में आयोजित किया जाएगा।

# 3 दिन की मोहलत खत्म होते ही दुकानों पर लगे ताले

**20 वर्षों से 40 दुकानों पर कब्जा, 15 लाख से अधिक किराया बकाया; जलकर, संपत्तिकर सहित 5 करोड़ से ज्यादा राजस्व वसूली लक्ष्य**

नवभारत न्यूज

**गोहद, 24 फरवरी।** नगर पालिका परिषद गोहद में 'सिंघम सीएमओ' के रूप में चर्चित महेश जाटव ने बकायादार दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए तीन दिन की अंतिम मोहलत समाप्त होने के बाद दुकानों पर ताला लगवा दिया। नगर पालिका द्वारा नोटिस जारी कर स्पष्ट चेतावनी दी गई थी, लेकिन निर्धारित समय सीमा में राशि जमा नहीं होने पर सीएमओ महेश जाटव स्वयं अमले के साथ मौके पर पहुंचे और बकाया दुकानों को सील करने की कार्रवाई की। इस कार्रवाई से बकायादार दुकानदारों में हड़कंप मच गया और कई दुकानदार तत्काल नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर जानकारी लेने लगे। नगर पालिका की दुकानों पर पिछले लगभग 20 वर्षों से कब्जा जमाकर व्यापार कर रहे कई दुकानदार नियमित रूप से किराया जमा नहीं कर रहे थे। जांच में सामने आया कि करीब 40 दुकानों पर 15 लाख रुपए से अधिक किराया बकाया है। बार-बार नोटिस देने और समझाइश के बावजूद जब बकायादारों ने राशि जमा नहीं की, तब 'सिंघम सीएमओ' ने सख्ती दिखाते हुए तालाबंदी की कार्रवाई कर दी।



जलकर, संपत्तिकर सहित 5 करोड़ से अधिक की वसूली बाकी

नगर पालिका के अनुसार केवल दुकानों का किराया ही नहीं, बल्कि जलकर, संपत्तिकर और अन्य करों सहित करीब 5 करोड़ रुपए से अधिक का राजस्व बकाया है। लंबे समय से यह राशि जमा नहीं होने से नगर पालिका को आर्थिक नुकसान हो रहा था। अब 'सिंघम सीएमओ' के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाकर बकाया वसूली की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि इस कार्रवाई से नगर पालिका की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और नगर विकास कार्यों को गति मिलेगी।

### सिंघम सीएमओ के नेतृत्व में अमले ने की तालाबंदी

सीएमओ महेश जाटव राजस्व अमले के साथ बकायादार दुकानों पर पहुंचे और नियमानुसार दुकानों पर ताले लगाए। इस दौरान अधिकारियों ने दुकानदारों को स्पष्ट चेतावनी दी कि बकाया राशि जमा करने के बाद ही दुकानों के ताले खोले जाएंगे। सीएमओ की इस सख्त कार्रवाई से अन्य बकायादारों में भी चिंता का माहौल बन गया है और कई दुकानदार अब बकाया राशि जमा करने की तैयारी में जुट गए हैं। नगर में सीएमओ महेश जाटव की इस कार्रवाई की चर्चा जोरों पर है और लोग उन्हें 'सिंघम सीएमओ' के नाम से संबोधित कर रहे हैं, जिन्होंने वर्षों से लंबित राजस्व वसूली को लेकर सख्त कदम उठाया।

### बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना को लेकर पिंक ड्राइविंग लाइसेंस कैंप का हुआ आयोजन

**भिंड।** कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा के मार्गदर्शन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अंजू तोमर के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शासन निर्देशानुसार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना को लेकर पिंक ड्राइविंग लाइसेंस कैंप का आयोजन शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज भिण्ड में किया गया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग से बाल संरक्षण अधिकारी अजय सक्सेना, शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य बी. पुरोहित, जिला परिवहन अधिकारी राजेंद्र सोनी के निर्देशन में परिवहन कार्यालय से सोनम एवं दीपक सिंह भदौरिया उपस्थित रहे। इस अवसर पर बाल संरक्षण अधिकारी अजय सक्सेना ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग महिलाओं एवं बालिकाओं के सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है। पिंक ड्राइविंग लाइसेंस अभियान इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को निःशुल्क ड्राइविंग लाइसेंस प्रदान कर आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाया जा रहा है।

# यूजीसी के विरोध में आमसभा आज

**अटल बिहारी बाजपेयी तिराहा गोलंबर पर दोपहर 2 बजे से कार्यक्रम**

नवभारत न्यूज

**गोहद, 24 फरवरी।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के विरोध में आज गोहद नगर में एक आमसभा का आयोजन किया जा रहा है। यह आमसभा अटल बिहारी बाजपेयी तिराहा गोलंबर पर दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होगी, जिसमें अधिवक्ता अनिल मिश्रा मुख्य रूप से सभा को संबोधित करेंगे।

आयोजन समिति द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, यह आमसभा यूजीसी द्वारा लागू किए जा रहे कथित 'काले कानून' के विरोध में आयोजित की जा रही है। समिति का कहना है कि यूजीसी की नीतियां शिक्षा व्यवस्था, छात्रों और शिक्षकों के हितों के विपरीत हैं, जिसके विरोध में आमजन को जागरूक करना आवश्यक है। सभा के दौरान अधिवक्ता अनिल मिश्रा यूजीसी की नीतियों के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालेंगे और उनके संभावित प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी देंगे।



उन्होंने कहा कि यह केवल शिक्षकों या छात्रों का मुद्दा नहीं, बल्कि पूरे समाज और देश की शिक्षा व्यवस्था से जुड़ा विषय है, इसलिए सभी वर्गों को इस आंदोलन में सहभागी बनना चाहिए।

आयोजन समिति ने नगर सहित आसपास के क्षेत्रों के छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों और आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में आमसभा में पहुंचकर विरोध दर्ज कराने की अपील की है। समिति का कहना है कि जनसमर्थन के माध्यम से ही इस मुद्दे को प्रभावी ढंग से शासन और संबंधित संस्थाओं तक पहुंचाया जा सकता है।

कार्यक्रम के समापन के बाद अधिवक्ता अनिल मिश्रा रेस्ट हाउस गोहद पर पत्रकारों से चर्चा करेंगे, जिसमें वे आंदोलन की रूपरेखा और आगामी रणनीति की जानकारी देंगे।

आयोजन समिति ने स्पष्ट किया है कि यह आंदोलन शिक्षा के अधिकार और भविष्य को सुरक्षित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है तथा इसके माध्यम से सरकार और संबंधित संस्थाओं से यूजीसी की नीतियों पर पुनर्विचार करने की मांग की जाएगी।

### अपर आयुक्त ने की जलकर वसूली की समीक्षा

ग्वालियर। जलकर उपभोक्ता द्वारा यदि जलकर जमा नहीं कराया जा रहा है तो उसका पेयजल बंद कर नल कनेक्शन काटने की कार्यवाही करें। साथ ही जलकर वसूली के लिए कैम्प भी आयोजित करें, जिससे अधिक से अधिक जलकर जमा हो सके । उक्ताशय के निर्देश अपर आयुक्त टी. प्रतीक राव ने जलकर वसूली की समीक्षा के दौरान संबंधित अधिकारियों को दिए।

# ग्रीन स्कूल अवार्ड से सम्मानित हुआ पीएमश्री विद्यालय

**शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोहद, हरियाली अभियान बना मिसाल**

नवभारत न्यूज

**गोहद, 24 फरवरी।** गोहद स्थित पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोहद को ग्वालियर-चंबल संभाग में उत्कृष्ट पर्यावरणीय पहल के लिए प्रतिष्ठित ग्रीन स्कूल अवार्ड से सम्मानित किया गया है। विद्यालय ने परिसर में हरियाली बढ़ाने, विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता विकसित करने और सतत जीवन शैली को बढ़ावा देने के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर यह उपलब्धि हासिल की है। यह सम्मान विद्यालय परिवार के सामूहिक प्रयास, दूरदर्शी योजना और प्रकृति संरक्षण के प्रति समर्पण का परिणाम माना जा रहा है।




कोरोना काल से मिली प्रेरणा :विद्यालय के प्राचार्य धर्मेंद्र कुमार भरद्वाज ने बताया कि जब उन्होंने विद्यालय की जिम्मेदारी संभाली, उस समय परिसर में हरियाली का अभाव था। गर्मी के मौसम में छात्राओं के लिए छाया की पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी और विद्यालय का वातावरण सूना दिखाई देता था। कोरोना काल के दौरान पर्यावरण और स्वास्थ्य के महत्व को देखते हुए विद्यालय में व्यापक पौधरोपण अभियान शुरू करने का निर्णय लिया गया। प्राचार्य ने इसे केवल एक सरकारी योजना तक सीमित न रखते हुए इसे जनभागीदारी का अभियान बनाया। विद्यालय के शिक्षकों, छात्राओं और कर्मचारियों को पौधरोपण और उनकी देखरेख की जिम्मेदारी सौंपी गई। सभी ने मिलकर यह संकल्प लिया कि विद्यालय को हरियाली से भरपूर और पर्यावरण के अनुकूल बनाया जाएगा।

1000 से अधिक पेड़-पौधों से सुसज्जित हुआ विद्यालय परिसर:विद्यालय में योजनाबद्ध तरीके से छायादार वृक्ष, फलदार पौधे और औषधीय पौधों का रोपण किया गया। चरणबद्ध योजना के तहत हर वर्ष पौधरोपण किया गया और उनकी नियमित देखरेख सुनिश्चित की गई।

**इस पहल के अंतर्गत—**

विद्यालय परिसर में नियमित पौधरोपण किया गया। छात्राओं को पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी दी गई। पर्यावरण संरक्षण से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति प्रेरित किया गया। विद्यालय की इस उपलब्धि ने पूरे ग्वालियर-चंबल संभाग में एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। विद्यालय का परिसर अब अपनी हरियाली और पर्यावरणीय प्रयासों के लिए जिले भर में पहचाना जा रहा है। प्राचार्य धर्मेंद्र कुमार भरद्वाज ने कहा कि उनकी सबसे बड़ी सफलता यह है कि छात्राओं ने प्रकृति को अपना मित्र बना लिया है। उन्होंने विश्वास जताया कि विद्यालय का यह मॉडल अन्य शैक्षणिक संस्थानों के लिए भी प्रेरणा बनेगा और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सकारात्मक बदलाव लाएगा। ग्रीन स्कूल अवार्ड से सम्मानित होने पर विद्यालय परिवार, छात्राओं और स्थानीय नागरिकों में खुशी का माहौल है। यह उपलब्धि न केवल विद्यालय बल्कि पूरे गोहद क्षेत्र के लिए गौरव का विषय मानी जा रही है।

### पढ़ाई के साथ पर्यावरण शिक्षा का व्यावहारिक अनुभव

विद्यालय में अब जीवविज्ञान विषय की पढ़ाई केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं रह गई है। छात्राएं पौधों को प्रत्यक्ष रूप से देखकर, छूकर और उनके विकास को समझकर व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त कर रही हैं। इससे छात्राओं में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी की भावना विकसित हो रही है। विद्यालय प्रशासन का मानना है कि इस पहल ने छात्राओं में प्रकृति के प्रति लगाव बढ़ाया है और उन्हें पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझने में मदद मिली है।